भारतीय संविधान निर्माता जंयती तथा रामनवमी आयोजन

आज दिनांक 12 अप्रैल 2019 को हमारे सेंट मोन्टफोर्ट विद्यायाल में 'भारतीय संविधान निर्माता जयंती' तथा 'राम नवमी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ कक्षा 12वीं की कक्षाध्यापिका श्रीमती जीनिया दास के डॉ. अंबेडकर जयंती तथा रामनवमी की बधाई के साथ हुआ। इस अवसर पर कक्षा 12वीं सी तथा डी द्वारा भारतीय संविधान विषय पर एक नाटक की प्रस्तुति दी गई । जिसके अन्तर्गत भारतीय संविधान की आवष्यकता से लेकर उसके बनने में आने वाली समस्याओं जैसे अल्पसंख्यक वर्ग, महिलाएँ, भाषा तथा राजा–रजवाड़ों आदि की प्रभावपूर्ण प्रस्तुति दी गई । छात्रों द्वारा संविधान कमेटी के सदस्यों की आदर्ष प्रस्तुति दी गई । संविधान कमेटी के सभी सदस्यों विषेष रूप से डॉ. भीमरॉव अम्बेडकर के संविधान निर्माण के सहयोग पर भी छात्रों के अभिनय ने प्रभावित किया।

रामनवमी के आयोजन पर छात्र –छात्राओं द्वारा भगवान श्रीराम की जन्म तथा श्रीराम के आदर्षपूर्ण जीवन की कुछ झलकियाँ लघु नाटिका के माध्यम से दर्षायी गई । छात्रों ने श्रीराम के जन्म की कथा को बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। जिसे विद्यालय के प्रत्येक छात्र –छात्रा ने खूब पसंद किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने सबका मन मोह लिया। पूरा मंच श्रीराम की जय–जयकार के नारों गूँज उठा।

छात्रों ने श्रीराम के जीवन से मर्यादा में रहते हुए अपने सविधान के नियमों का पालन करने का महत्व समझा।

कार्यक्रम के समापन पर कोआर्डिनेटर श्रीमती ज्योति नायर द्वारा छात्रों से भारतीय संविधान के नियमों का पालन करने की अपील की गई तथा रामनवमी की बधाई दी गई।

प्रार्थना सभा में प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के. के. , उप प्राचार्य ब्रदर जॉन मिंज, कोआर्डिनेटर श्रीमति ज्योति नायर तथा सभी अध्यापक – अध्यापिकाएँ उपसथित थे।